**न्यायालय तृतीय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, देहरादून**
**प्रार्थनापत्र संख्याः—1766 / 2026**
**मीता त्यागी बनाम राज्य**

**दिनांक– 18.05.2026**

पत्रावली पेश हुई। पुकार पर पर प्रार्थिनी मीता त्यागी मय विद्वान अधिवक्ता श्री सुरेन्द्र प्रसाद उपस्थित है।

**02.** प्रार्थिनी मीता त्यागी द्वारा प्रार्थनापत्र इस आशय का प्रस्तुत किया गया है कि प्रार्थिनी का एक बैंक खाता भारतीय स्टेट बैंक, राजपुर रोड, देहरादून खाता सं0–32383518224, आई0एफ0एस0सी0 कोड–SBIN0015396 मु0 9999.99 एवं मु0 25,000 / – रू0 कुल मु0 34,999.99 / –रू0 की एक ऑनलाइन धोखाधड़ी हुई जिसकी रिपोर्ट प्रार्थिनी द्वारा की गई जिसका एक्नॉलेजमेंट सं0–33502260002446 है। प्रार्थिनी के साथ हुई धोखाधड़ी की धनराशि पुलिस द्वारा भारतीय स्टेट बैंक के दो खाते क्रमशः खाता सं0–00000035538642325 एवं खाता सं0–00000036743854826 में होल्ड की गई है। प्रार्थिनी उक्त होल्ड की गई धनराशि को उसके पक्ष में रिलीज करने की प्रार्थना की गयी।

**03.** प्रार्थना पत्र पर थाना राजपुर, देहरादून से आख्या तलब की गई। थाने की आख्या के अनुसार प्रार्थिनी की धनराशि निम्न बैंक खातों में होल्ड होना बताया गया है–

| **क0सं0** | **बैंक का नाम** | **खाता संख्या** | **आई0एफ0एस0सी0 कोड** | **होल्ड धनराशि** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | State Bank of India | 000000 36743854826 | SBIN0017313 | 25,000/- |
| 2 | State Bank of India | 000000 35538642325 | SBIN0006653 | 9,999.99/- |

**04.** प्रार्थिनी के विद्वान अधिवक्ता को सुना एवं उपलब्ध प्रपत्रों का अवलोकन किया।

**05.** उपलब्ध प्रपत्रों का अवलोकन से दर्शित होता है कि प्रार्थिनी से धोखाधड़ी कर प्राप्त की गई कुल धनराशि मु0 34,999 / –रू0 विवेचक द्वारा प्रस्तुत आख्यानुसार उक्त दो खातों में होल्ड की गई है। अतः प्रार्थिनी मीता त्यागी मु0 34,999 / –रू0 का व्यक्तिगत बन्ध पत्र तथा इस आशय की एक अण्डरटेकिंग प्रस्तुत करे कि उपरोक्त धनराशि के संबंध में भविष्य में विवाद होने पर प्रार्थिनी उक्त धनराशि न्यायालय में जमा करेगी। उक्त धनराशि को प्रार्थिनी के पक्ष में अन्तरिम रूप से अवमुक्त किया जाता है। उक्त बैंक के समस्त नोडल आफिसर / शाखा प्रबन्धक को आदेशित किया जाता है कि उक्त धनराशि को प्रार्थिनी मीता त्यागी के बैंक खाता सं0–32383518224, आई0एफ0एस0सी0 कोड– SBIN0015396 भारतीय स्टेट बैंक, शाखा राजपुर रोड, देहरादून में वापस अंतरित कराना सुनिश्चित करें। आदेश की प्रति उक्त समस्त नोडल आफिसर / शाखा प्रबन्धक को प्रेषित की जाए।

**(संदीप सिंह भण्डारी)**
तृतीय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
देहरादून।